शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या–1897/सत्तर–3–2022

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

लखनऊः दिनॉक 13 जुलाई, 2022

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

विषयः– "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" बच्चों द्वारा नशीली दवाओं और मादक पदार्थों का दुरूपयोग और इसके अवैध व्यापार के रोकथाम पर संयुक्त कार्ययोजना का अनुपालन कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 07.07.2022 को अपरान्ह् 03:00 बजे बाल आयोग में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ द्वारा "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" बच्चों द्वारा नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के दुरूपयोग और इसके अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु प्रदेश स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में निम्नलिखित कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देश दिये गयेः–

1. सभी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज की परिधि के अन्दर तम्बाकू, पान बीडी, शराब आदि की दुकाने न हो (कोटपा) अधिनियम 2003 की धारा–4(ख)।
2. उच्च शिक्षण संस्थानों के गेट पर इस हेतु साइन बोर्ड लगाया जाये जिसमें Quitline Toll Free No-1800-11-2356 भी अंकित हो।
3. उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रहरी क्लब की स्थापना की जाये, जिसमें 20 से 25 छात्र होगें।
4. यह प्रहरी समूह उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा विरूद्ध जागरूकता अभियान चलायेंगे तथा अन्य छात्रों की निगरानी भी करेंगें।
5. किशोर न्याय अधिनियम की धारा–77 व 78 के अन्तर्गत पाये गये मामलों में विश्वविद्यालय के कुल सचिव तथा महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज करायी जाये।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या– 1897 (1)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ।

2– कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

3– गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(हरेन्द्र कुमार सिंह)
उप सचिव।

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध